# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 06.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना बाँसी पुलिस, एसओजी/सर्विलांस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मिश्रित अंग्रेजी शराब बनाने एवं बिक्री करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 02 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया।**

**◆भारी मात्रा में नकली ढक्कन, बारकोड, मिश्रित अंग्रेजी शराब एवं अन्य सामग्री बरामद।**

प्रभारी निरीक्षक थाना बाँसी मृत्युंजय पाठक, प्रभारी एसओजी/सर्विलांस उ0नि0 चन्द्रकान्त पाण्डेय एवं आबकारी विभाग के अधिकारियों के नेतृत्व में थाना बाँसी पुलिस, एसओजी एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 05.08.2026 को रतन सेन सिंह इंटर कॉलेज, इटवा रोड, थाना बाँसी क्षेत्र में प्रभावी चेकिंग एवं मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए मिश्रित अंग्रेजी शराब के निर्माण/बिक्री करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त बलराम जायसवाल की निशानदेही पर थाना बाँसी क्षेत्र के सुभाष नगर, कोइलहवा स्थित किराये के एक मकान की तलाशी ली गई, जहाँ से विभिन्न कंपनियों की अंग्रेजी शराब के भारी मात्रा में नकली ढक्कन, बारकोड (सील रैपर), मिश्रित शराब तैयार करने में प्रयुक्त उपकरण एवं अन्य सामग्री बरामद की गई। इसके अतिरिक्त संबंधित दुकान से विभिन्न ब्रांडों की 16 बोतल मिश्रित अंग्रेजी शराब भी बरामद की गई। उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना बाँसी पर मु0अ0सं0 146/2026, धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस तथा धारा 60/64 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। साथ ही गिरोह से जुड़े अन्य व्यक्तियों की तलाश एवं गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। आबकारी विभाग द्वारा संलिप्त दुकान को सील कर सम्बंधित लाइसेंस रद्द करने की कार्यवाही की जा रही है।

उक्त कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा 20,000/-नगद का पुरस्कार से पुरष्कृत किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

01.बलराम जायसवाल पुत्र स्व. ओमप्रकाश जायसवाल, निवासी देवियापुर नरकटहा थाना बाँसी जनपद सिद्धार्थनगर (आपराधिक इतिहास- मु0अ0सं0 357/2020 धारा 419,420,467,468,471 भादवि0 व 60(1) आबकारी अधिनियम )।

02. प्रदीप कुमार पुत्र हरिपाल सिंह (सेल्स मैन) निवासी अनंगपुर थाना पाली जनपद हरदोई।

**बरामदगी का विवरण-**

1. 32,472 अदद नकली ढक्कन (IB, Old Monk, RS, Iconic, BP एवं McDowell's कम्पनी के)।
2. 12,740 अदद बारकोड (सील रैपर)।
3. 16 बोतल मिश्रित अंग्रेजी शराब (IB, Iconic एवं RS कम्पनी की, 375 मि.ली. एवं 180 मि.ली.)।
4. एक अदद इलेक्ट्रॉनिक वेट मशीन।
5. एक अदद नाजायज चाकू।

6. दो अदद सुजा (ढक्कन खोलने में प्रयुक्त)।
7. एक अदद टीवीएस रेडियन मोटरसाइकिल संख्या UP55 AD 0139 (काला रंग)।

**पूछताछ का विवरण-**

पूछताछ में अभियुक्त बलराम जायसवाल ने बताया कि उसने थाना बाँसी क्षेत्र के सुभाष नगर, कोइलहवा में एक मकान किराये पर ले रखा था, जहाँ वह विभिन्न कंपनियों की अंग्रेजी शराब के नकली ढक्कन, बारकोड (सील रैपर) एवं अन्य सामग्री का भंडारण करता था। उक्त सामग्री वह गुरुप्रसाद प्रजापति नामक व्यक्ति से ट्रांसपोर्ट के माध्यम से मंगवाता था। अभियुक्त ने बताया कि वह इन नकली ढक्कनों एवं बारकोड को जनपद सिद्धार्थनगर, आसपास के जनपदों तथा नेपाल सीमा से सटे क्षेत्रों की शराब की दुकानों पर कार्यरत कुछ व्यक्तियों को बेचता था। इनका उपयोग खाली शराब की बोतलों में पुनः शराब भरकर उन पर नकली ढक्कन एवं बारकोड लगाकर असली शराब के रूप में बिक्री करने में किया जाता था, जिससे अवैध आर्थिक लाभ अर्जित किया जाता था। अभियुक्तगण की निशानदेही पर संबंधित दुकान से 16 बोतल संदिग्ध/ मिश्रित अंग्रेजी शराब भी बरामद की गई है। प्रकरण में अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता के संबंध में साक्ष्य संकलित किए जा रहे हैं तथा विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई का महत्व-

इस प्रभावी कार्रवाई से नकली एवं संभावित जहरीली अंग्रेजी शराब के निर्माण एवं बिक्री करने वाले एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। भारी मात्रा में नकली ढक्कन, बारकोड एवं नकली शराब बरामद होने से लाखों रुपये के सरकारी राजस्व की संभावित क्षति को रोका गया है।

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली संयुक्त टीम-**

01.मृत्युंजय पाठक, प्रभारी निरीक्षक, थाना बाँसी जनपद सिद्धार्थनगर।
02.उ0नि0 चन्द्रकान्त पाण्डेय, प्रभारी एसओजी, सिद्धार्थनगर।
03.उ0नि0 हरेन्द्र चौहान प्रभारी सर्विलांस सेल मय टीम
04.आबकारी निरीक्षक दिनेश कुमार पासवान, आबकारी क्षेत्र द्वितीय, बाँसी, जनपद सिद्धार्थनगर (मय हमराही)।
05.आबकारी निरीक्षक मोनी शुक्ला, आबकारी क्षेत्र-5, डुमरियागंज।
06.आबकारी निरीक्षक रितिक वर्मा, आबकारी क्षेत्र-4, इटवा, जनपद सिद्धार्थनगर।
07.एसओजी टीम: मुख्य आरक्षी राजीव शुक्ला, मनोज राय, मनिंद्र प्रताप चंद , दिलीप कुमार, आशुतोष धर द्विवेदी, आरक्षी वीरेन्द्र त्रिपाठी, आरक्षी रोहित चौहान, छविराज यादव, सत्येंद्र यादव।
08. थाना बाँसी टीम: उ0नि0 रामप्रताप सिंह, शम्स जावेद खान, हेड कांस्टेबल राम शब्द यादव, विद्यानन्द यादव, संतोष पाण्डेय, कांस्टेबल रितेश सिंह, अश्वनी कुमार, राकेश पाठक एवं देवब्रत पाण्डेय, रिक्रूट कांस्टेबल विकास कुमार।

## प्रेस नोट दिनांक 06.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

आज दिनांक 06.08.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 08 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें पारिवारिक विवाद 03, मार-पीट सें संबंधित 03 तथा शेष 02 अन्य से सम्बंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 06.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆ डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के साथ गोष्ठी की गई तथा सभी आरक्षियों को उनके कर्तव्यों, उत्तरदायित्वों एवं पुलिस सेवा के मूल सिद्धांतों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा आज दिनांक 06.08.2026 को पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के साथ गोष्ठी की गई। गोष्ठी के दौरान महोदय ने सभी आरक्षियों को पुलिस सेवा के मूल सिद्धांतों, कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण के महत्व को समझाते हुए जनता के साथ शालीनता, अनुशासन एवं संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करने के निर्देश दिए। महोदय ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान को फील्ड में ईमानदारी और निष्ठा के साथ लागू करें, जिससे जनपद में कानून व्यवस्था और पुलिस की छवि और बेहतर हो सके। इस अवसर पर प्रशिक्षण अधिकारी व अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## प्रेस नोट दिनांक 06.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना कपिलवस्तु पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोप में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्री प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में तथा श्री विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में व विनय प्रताप सिंह थानाध्यक्ष कपिलवस्तु के नेतृत्व में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 39/2026 धारा 137(2), 87,65(1) BNS व 5/6 पाक्सो एक्ट थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त हरिकेश कश्यप पुत्र मनोज कश्यप निवासी ग्राम जगमोहनी थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय सिद्धार्थनगर भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-----**

01.हरिकेश कश्यप पुत्र मनोज कश्यप निवासी ग्राम जगमोहनी थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवऱण----**

01.उ0नि0 सदरुल आलमीन थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर।
02.हे0का0 उपेन्द्र प्रजापति थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर।
03.आरक्षी पवन यादव थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर।

# <u>प्रेस नोट दिनांक 06.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।</u>

**थाना मोहाना पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोप में  वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश एवं प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन मे व श्री विश्वजीत सौरयान (IPS), क्षेत्राधिकारी सदर, सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में जितेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष मोहाना सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व मे आज दिनांक 06.08.2026 को अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 124/2026 धारा 137(2)/87/65(1) बी0एन0एस0 व ¾ पाक्सो एक्ट थाना मोहाना जनपद सि0नगर से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

01.इमरान मिया पुत्र निजाबुद्दीन निवासी दूबे थुमहवा थाना रोहिनिहवा जिला रुपनदेही राष्ट्र नेपाल।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01.उ0नि0 श्री शेषनाथ सिंह यादव थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।
02.हे0का0 प्रदीप कुमार थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।
03.का0 सन्दीप पासवान थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट दिनांक 06.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆इंडो-नेपाल बॉर्डर खुनुवां पर थाना शोहरतगढ़ पुलिस द्वारा एसएसबी, कस्टम तथा नेपाल पुलिस के साथ संयुक्त मीटिंग की गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के अनुक्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण मे आज दिनांक 06.08.2026 को थाना शोहरतगढ़ पुलिस द्वारा एसएसबी, कस्टम तथा नेपाल पुलिस के साथ इंडो नेपाल बॉर्डर खुनुवां पर गोष्ठी की गई तथा ऑपरेशन कवच के तहत रोक थाम तस्करी के संबंध मे चर्चा की गयी।

# प्रेस नोट दिनांक 06.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना जोगिया उदयपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के सार्वजनिक स्थल पर महिलाओ/बालिकाओं को नारी सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरुक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 06.08.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी बांसी शुभेंदु सिंह तथा थानाध्यक्ष अभय सिंह के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम तहत ग्राम देवरा बाजार में मिशन शक्ति/जनचौपाल व बहू/बेटी सम्मेलन के सम्बन्ध में विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर जाकर बालिकाओं/ महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष नारी शक्ति वंदन अधिनियम मातृ शक्ति को सम्बल निराश्रित महिला पेंशन योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया व जागरूक किया गया मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर से अवगत कराया गया 112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा 181 वीमेन हेल्पलाइन 101अग्निशमन सेवा के बारे में जानकारी दी गई व जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम का विवरण----**

1. उ0 नि0 नरेंद्र मणि गुप्ता
2.उ0नि0 रामशिला
3.म0का0 संगीता यादव

# प्रेस नोट दिनांक 06.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना खेसरहा मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम मदरहना में बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल में बालिकाओं/महिलाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण व शुबेंदु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी द्वारा थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र थाना खेसरहा, थाना मिशन शक्ति टीम के साथ आज दिनांक 06.08.2026 द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम मदरहना में बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व साईबर सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

# प्रेस नोट दिनांक 06.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना बांसी मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम तेलौरा मे महिलाओं/बालिकाओं को नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा, कल्याणकारी योजनाओं व विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरो के बारे में जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 06.08.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी बाँसी शुबेंदु सिंह तथा प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत ग्राम तेलौरा में मिशन शक्ति व बहू/बेटी सम्मेलन के सम्बन्ध में बालिकाओं/महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर-**

01. उ0नि0 विनोद यादव

02.म0का0 गीतांजलि कुशवाहा

# प्रेस नोट दिनांक 06.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना कठेला समयमाता मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत थाना क्षेत्र के ग्राम कठेला ग्रांट की महिलाओं/बालिकाओं को महिला अपराध, नये कानून, शून्य एफआईआर, प्रौद्योगिकी एवं फोरेंसिक विज्ञान तथा साइबर अपराध सुरक्षा व विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों आदि के बारे में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 06.08.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी तथा थाना प्रभारी कठेला समयमाता के नेतृत्व में थाना कठेला समयमाता मिशन शक्ति टीम द्वारा महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत के तहत ग्राम कठेला ग्रांट में बहू/बेटी सम्मेलन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति के संबंध में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाये जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओ से अवगत कराया गया गया तथा महिला संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन,181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन,112 पुलिस हेल्प लाइन,1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन,101अग्निशमन हेल्प लाइन,14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर “नये आपराधिक कानूनों के तहत शून्य एफआईआर’ की अवधारणा, E-FIR, समयबद्ध न्याय,  महिला एवं बाल संरक्षण से संबंधित प्राविधान (कवच परियोजना), नये अपराध, प्रौद्योगिकी एवं फोरेंसिक विज्ञान के उपयोग से जुड़े प्राविधान तथा पीड़ित-केंद्रित प्राविधानों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया एंव हेल्पलाइन व सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

# प्रेस नोट दिनांक 06.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0(द्वितीय चरण) अभियान के अन्तर्गत "मिशन मजनू" के तहत थाना ढेबरुआ मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय शिशवा शिवभारी की बालिकाओं को साइबर जागरूकता अभियान के तहत महिला अपराध व उससे बचाव तथा गुड-बैड टच के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 06.08.2026 को थाना क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय शिशवा शिवभारी की बालिकाओं को साइबर जागरूकता अभियान के तहत महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचाव तथा गुड-बैड टच के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व साईबर सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर-**

1. उ0नि0 सोमनाथ शर्मा
2. का0 जितेंद्र राजभर
3. रि0म0का0 लक्ष्मी

## प्रेस नोट दिनांक 06.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना चिल्हिया मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम कटया में मिशन मजनू/साईबर जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं/ बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 06.08.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोदय प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार गुप्ता थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थानाक्षेत्र के ग्राम कटया में मिशन मजनू के तहत महिलाओं व बच्चियों को जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी दहेज उत्पीड़न पॉक्सो एक्ट महिला संबन्धित मुकदमों में पीड़िताओं की काउंसलिंग की गई तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन नम्बरों- 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर व नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 लालचंद्र यादव

02.का0 सुनील कुमार

03.म0का0 खुशी

04.म0का0 नीलू

# प्रेस नोट दिनांक 06.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 (द्वितीय चरण) के तहत थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम अजगरा की महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान, मिशन मजनू, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 06.08.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी थाना उसका बाजार के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम अजगरा की महिलाओं/बालिकाओं को मिशन मजनू, महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न कल्याणकारी हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.हे0का0 अनिल चौहान

02.म0का0 कालिंदी यादव

# प्रेस नोट दिनांक 06.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना उसका बाजार पुलिस की प्रभावी पैरवी से मारपीट के 04 आरोपियो को न्यायालय उठने तक की सजा व ₹1,200-1,200/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में दिनांक 05.08.2026 को वाद सं0-900744/2008 मु0अ0सं0 C 4/2008 धारा 323,504,506 भा0द0वि0 थाना उसका बाजार में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री आदेश कुमार श्रीवास्तव, न्यायालय एसीजे(जु0डि0)-1 जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्तगण 01.जगदीश, 02-सुशीला देवी, 3-हरिश्चचन्द, 04- रोहित निवासीगण जोगिया मजिगवां थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर को न्यायालय उठने तक की सजा व ₹1,200-1,200/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक अजय कुमार गौतम तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी मोनू सिंह थाना उसका बाजार का सराहनीय योगदान रहा।